मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 106 | सोमवार, 8 जुलाई 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

'एनिमल' के बाद मिलने लगे अच्छे प्रोजेक्ट्स -तृप्ति डिमरी

राजनीति

## उल्हासनगर विधानसभा 141 चुनाव का खेल हुआ शुरू

# कालानी फिर भाजपा की शरण में !

- राकांपा पवार गुट से टिकट की उम्मीद कम, उबाठा को मौका
- आयलानी को शिकस्त की प्लानिंग शुरू
- आयलानी से भाजपा खेमा नाराज
- डोंबिवली में उल्हासनगर भाजपा का रिमोट
- भाजपा में चार गुट
- तीसरा विकल्प देगा टक्कर
- राकांपा से गंगोत्री की दावेदारी







**उल्हासनगर।** नई लोकसभा के गठन के बाद से ही महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह चुनाव अक्टूबर में हो सकते हैं। इस तैयारी में उल्हासनगर विधानसभा से दावेदारों ने शह-मात का खेल अभी से शुरू भी कर लिया है। वर्तमान भाजपा विधायक कुमार आयलानी, जिन्होंने शहर विकास का कोई कार्य नहीं किया और ना ही पांच वर्षों तक सदन में शहर के विकासशील मुद्दों पर आवाज उठाई है, वो इन दिनों टिकट को लेकर टेंशन में चल रहे हैं क्योंकि भाजपा के जिलाध्यक्ष समेत वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उनसे नाराज हैं. इतना ही नहीं भाजपा विधानसभा चुनाव प्रमुख जमनू पुरस्वानी ने तो अपनी दावेदारी तक ठोक दी है। आयलानी ने पांच वर्ष पूर्व ही राजनीति से संन्यास के संकेत दिए थे. उन्होंने एक बार फिर अपनी दावेदार वरिष्ठों को दी है, जो इस बार टेढ़ी खीर साबित हो सकती है।


### किस्सा कुर्सी का

शहर में कोई भी चुनाव हो लेकिन कालानी अपने फायदे और कुर्सी व सत्ता की लालसा में किसी भी पक्ष की चरण में पहुंच ही जाते हैं। राकांपा शरद पवार गुट से कन्नी काटने के बाद कालानी को विधानसभा चुनाव की टिकट मिलना मुश्किल हो गया है. जिस कारण शिवसेना ठाकरे गुट ने तैयारी शुरू कर दी है। राष्ट्रीय पक्ष का सहारा लेने और भाजपा से गद्दारी करने वाले कालानी एक बार फिर भाजपा की शरण में जाने के संकेत दे रहे हैं। दो दिनों पूर्व पप्पू कालानी ने आयलानी विरोधी भाजपाइयों के साथ मुलाकात कर मंत्री रविंद्र चव्हाण से बैठक की इच्छा जताई है। कालानी ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी व विधानसभा चुनाव प्रमुख जमनू पुरस्वानी से मुलाकात कर आयलानी को पटखनी की प्लानिंग शुरू की है। ज्ञात हो कि यह खेमा विधायक आयलानी से नाराज है जबकि भाजपा का एक और गुट इसी खेमे भाजपा जिलाध्यक्ष से नाराज है। भाजपा की नाराजगी का फायदा कालानी पूरी तरह ले रहे हैं। लेकिन खेला अभी शुरू होना बाकी है। भाजपा की अंदरूनी कलह का फायदा कौन लेगा यह तो समय ही बताएगा।

### भाजपा में चार गुट

उल्हासनगर शहर में भाजपा की हालत खस्ता हो गई है। एक तरफ विधायक आयलानी के कामकाज से भाजपा कार्यकारिणी नाराज है तो पुराने वरिष्ठ नेता व युवा कार्यकर्ता भी इन पदाधिकारियों व विधायक से नाराज हैं। जिस कारण पक्ष में 4 गुट हो चुके हैं इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा जो पक्ष का फायदा नहीं अपना फायदा देख रहे हैं। शहर भाजपा का रिमोट डोंबिवली में है जो सारे फैसले लेते हैं। इस रिमोट के सहारे शहर में भाजपा का चलना मुश्किल है।

### तीसरा विकल्प गंगोत्री



आयलानी-कालानी की इस लड़ाई में अब तीसरा विकल्प आ चुका है। महायुति में शामिल राकांपा अजित पवार गुट के उल्हासनगर जिलाध्यक्ष भारत राजवानी गंगोत्री ने भी खुले तौर पर उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से अपना दावा ठोक दिया है और शहर में जनसंपर्क अभियान की भी शुरुआत कर ली है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मिले 25 करोड़ के विकासशील फंड के मुद्दे पर वो चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं। ज्ञात हो कि गंगोत्री इससे पूर्व कालानी और भाजपा को शिकस्त दे चुके हैं। पैनल 17 में कालानी की ओर से भाजपा उम्मीदवार को गंगोत्री के समक्ष शिकस्त देखनी पड़ी थी तब भाजपा व कालानी साथ थे।

# डॉक्टर पर स्टंटबाजों की टोली ने किया हमला



- 5 हमलावर गिरफ्तार
- घटना सीसीटीवी में कैद
- लाठियों से किया हमला
- हिललाईन पुलिस में मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 5 इलाके में एक चौंकाने वाली घटना घटी है, जहां 10 से 15 लोगों की टोली ने एक डाक्टर पर लाठियों से हमला कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। ज्ञात हो कि 29 जून की रात उल्हासनगर 5 कैलास कॉलोनी रोड निवासी डॉक्टर सागर धुतोड़े घर जा रहे थे, तभी एक बाइक सवार युवक स्टंट कर रहा था, इस बात से डॉक्टर नाराज हो गए और उन्हें मना किया। इस बात से नाराज़ बाइक स्टंटबाज अपने 10 से 15 साथियों को कल लाया और डॉक्टर के घर घूसकर डाक्टर पर लकड़ी से हमला कर दिया, हमले में डाक्टर सागर और उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए हिललाइन पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और आरोपी अजय वाकोड़े संदेश बंसोडे और उनके तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया। यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई जहां से आरोपियों की पहचान हुई। शहर में बढ़ती गुंडागर्दी से लोग डर के साए में जी रहे हैं।

# नदी में तैरने नाबालिगों को किया गया दंडित



**भिवंडी.** पुणे में भूशी बांध के पानी में एक परिवार के बह जाने की घटना के बाद शहर के कुछ नाबालिग बच्चे कामवारी नदी में तैरने जा रहे हैं। इस नदी में नाबालिग बच्चों सहित नागरिकों के डूबने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। गुरुवार की दोपहर के आसपास इलाके के कुछ नाबालिग बच्चे इस नदी के किनारे तैरने के लिए उतरे थे, कुछ लोग इस नदी के किनारे के पोल से नदी में छलांग लगा रहे थे, इस बात को समझते हुए स्थानीय लोगों ने इन सभी नाबालिगों को नदी के किनारे से बाहर निकाला और कान पकड़कर उठक-बैठक कराने की सजा दी. इस घटना का वीडियो शहर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है.

# उल्हासनगर मनपा एक्शन मोड में

## 14 संपत्तिकर बकायेदारों को जब्ती की चेतावनी

- कुल 936 करोड़ 99 लाख 92 हजार 498 रुपये संपत्ति कर बकाया
- मनपा ने 936 करोड़ की बकाया वसूली के लिए कमर कस ली



**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त अजीज शेख और अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने आक्रामक रुख अपनाते हुए संपत्ति कर बकायेदारों के खिलाफ जब्ती की कार्रवाई की चेतावनी दी है. पिछले सप्ताह 14 संपत्तियों को कुर्की नोटिस जारी किया गया था और बकाया कर का भुगतान नहीं करने पर संपत्ति को नीलाम करने की धमकी दी गई थी।

उल्हासनगर में कुल 1 लाख 83 हजार 138 कर योग्य संपत्तियां हैं, जिनमें से 44 हजार 218 संपत्तियां वाणिज्यिक और धर्मार्थ संगठनों की हैं। इन पर कुल 936 करोड़ 99 लाख 92 हजार 498 रुपये संपत्ति कर बकाया है. इस प्रकार चालू वर्ष का संपत्ति कर 117 करोड़, 80 लाख 94 हजार 43 रुपये है। बकाया संपत्तियों में से केवल 15 संपत्ति मालिकों पर 73 करोड़ 51 लाख 61 हजार 25 रुपये की राशि बकाया है. मनपा ने 936 करोड़ की बकाया वसूली के लिए कमर कस ली है और पिछले सप्ताह 14 बकाया संपत्ति मालिकों को नोटिस जारी कर संपत्ति जब्त करने की चेतावनी दी है.

शहर में हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं और उसके लिए फंड की जरूरत है. संपत्ति एवं जल कर, सरकारी जीएसटी सब्सिडी नगर निगम की आय के मुख्य स्रोत हैं। पिछले साल, अभय योजना दो बार लागू की गई, जिसके परिणामस्वरूप 140 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड संपत्ति कर संग्रह हुआ। हालाँकि, चूंकि इस साल विधानसभा चुनाव आ रहे हैं, इसलिए अभय योजना की संभावना कम है। परोक्ष अधिकारी जवाब दे रहे हैं कि इस साल वसूली का लक्ष्य 150 करोड़ है.

आयुक्त अजीज शेख और अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर संपत्ति कर बिल का भुगतान करके शहर के विकास में योगदान दें।

अतिरिक्त आयुक्त लेंगरेकर ने संकेत दिया है कि यदि नागरिक समय पर संपत्ति कर का बकाया भुगतान नहीं करते हैं, तो नगर निगम संपत्ति कर विभाग ऐसी संपत्तियों को नोटिस जारी करेगा, फिर उन्हें जब्त कर लेगा और फिर संपत्ति की नीलामी करेगा। नगर निगम के इस आक्रामक रुख से बकाया संपत्ति मालिकों में हड़कंप मच गया है.

# 9 साल के बच्चे का अपहरण

**उल्हासनगर.** सिद्धार्थनगर वाटर सप्लाई के कैंप नंबर-4 की सोनाली पाटिल का 9 साल का मयूर मंगलवार शाम 4:30 बजे घर से बाहर चला गया. तब से वह घर नहीं लौटा तो विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया है।

सोनाली सोनू पाटिल का 9 वर्षीय बेटा मयूर मंगलवार शाम 4.30 बजे घर से निकलकर उल्हासनगर पब्लिक हॉल सिद्धार्थनगर स्थित दुकान पर जा रहा था। लेकिन दुकान पर गया मयूर शाम तक घर नहीं लौटा तो मां व अन्य परिजनों ने उसे इलाके में तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिला. आख़िरकार मां सोनाली पाटिल विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन पहुंचीं और बताया कि उनका बेटा लापता है. पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्यायिक संहिता 2023 की धारा 137 (2) के तहत अपहरण का मामला दर्ज किया है और बच्चे की तलाश शुरू कर दी है.

# MIDC फेज-2 की केमिकल कंपनी में लगी आग

- दमकलकर्मियों ने पाया आग पर काबू



**कल्याण.** रविवार को डोंबिवली एमआईडीसी फेज-2 की न्यू अर्गा केम कंपनी में भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग तेज़ी के साथ कंपनी में फैल गई, जिससे कंपनी में रखे केमिकल से भरे ड्रमों में धमाका हुआ। धमाके की तेज़ आवाज सुनकर कंपनी के आसपास के इलाके में भय का माहौल बन गया था। समय रहते कंपनी में काम करने वाले मजदूर सही-सलामत बाहर निकल आए जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तेज़ी से बढ़ती हुई आग कंपनी के रिएक्टर तक पहुंचती उससे पहले ही दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी। दमकलकर्मियों के मुताबिक शॉर्टसर्किट के चलते आग लगी थी। जानकारी के मुताबिक न्यू अर्गा केम कंपनी में कपड़ों पर प्रिंट करने वाला केमिकल बनाया जाता है। एमआईडीसी में पिछले दो महीने में आगजनी की यह तीसरी घटना है। लगातार हो रही इन घटनाओं से कामगार एवं रिहायशी इलाकों के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

# हाजीमलंग में नागरिकों के घर तोड़े नहीं जाएं




**कल्याण.** गुरुवार को वन विभाग ने अंबरनाथ तालुका में वन विभाग के परिसर में बने होटलों के खिलाफ कार्रवाई की. लेकिन अब फिर से हाजीमलंग पर चल रहे ऑपरेशन में बारिश के मौसम में नागरिकों के घरों की तबाही को रोकने के लिए महाविकास अघाड़ी आक्रामक हो गई है. महाविकास अघाड़ी ने मांग की है कि वन विभाग द्वारा शुरू की गई कार्रवाई को तुरंत रोका जाए. गुरुवार की शाम महाविकास आघाड़ी के नेताओं ने वन विभाग के बदलापुर कार्यालय में जाकर अधिकारियों से मुलाकात की. हाजीमलंग गढ़ में बड़े पैमाने पर वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण है. बढ़ता अतिक्रमण शहरी बस्तियों के लिए भी खतरा बनता जा रहा है।

हाल ही में हाजीमलंग में चट्टान खिसकने से एक शख्स की जान चली गई. इसके बाद गुरुवार तड़के वन विभाग के अधिकारियों ने बड़ी संख्या में फोर्स लेकर किले पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की. इसमें मुख्य रूप से किले पर बने होटल और ढाबों को तोड़ा गया. लेकिन अब फिर से किले पर चल रहे ऑपरेशन में बारिश के मौसम में नागरिकों के घरों की बर्बादी को रोकने के लिए महाविकास अघाड़ी अब आक्रामक हो गई है.

मविआ के अंबरनाथ तालुका अधिकारियों ने गुरुवार शाम को इस संबंध में वन विभाग के बदलापुर क्षेत्र अधिकारी विवेक नाटू से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार समूह के जिला अध्यक्ष काशीनाथ पाटिल, शिवसेना उबाठा के तालुका प्रमुख सुरेश पाटिल, उप तालुका प्रमुख प्रभाकर पाटिल, कृषि उपज बाजार समिति के पूर्व अध्यक्ष दिनकर पाटिल और अन्य नेता उपस्थित थे।

# शहापुर में बाढ़ से कई गांवों का संपर्क टूटा

- इमारत के नीचे खड़ी कई कारें व बाइक बह गईं
- पहली मंजिल तक भरा पानी
- रेल यातायात पर भी पड़ा असर



**कल्याण.** रात भर हुई भारी बारिश के कारण शाहपुर तालुका में भारंगी नदी में बाढ़ आने से पास की इमारत के नीचे खड़ी कारें व बाइक बह गईं। गुजराती बाग में पहली मंजिल तक पानी आ गया. खरडी के बागे पाड़ा में मई में बना पुल बह गया. आसनगांव स्टेशन के पास पानी भरने से यातायात पूरी तरह बंद हो गया.

शाहपुर-किन्हवली मार्ग पर जलभराव के कारण यातायात बंद हो गया। इसके साथ ही स्थानीय निवासियों का आरोप है कि प्रशासन के अनियोजित प्रबंधन के कारण जगह-जगह पानी जमा हो रहा है. आटगांव-आसनगांव स्टेशन के बीच एक पेड़ गिरने से रेलवे यातायात ठप हो गया है. शाहपुर नगर पंचायत के भारंगी नदी के सौंदर्यीकरण के दौरान योजना नहीं बनने के कारण शाहपुर जलमग्न हो गया है।

### मुंबई लोकल ट्रेन सर्विस सस्पेंड

ठाणे जिले में रविवार सुबह लोकल ट्रेन सर्विस सस्पेंड कर दी गईं। अधिकारियों के अनुसार, कसारा और टिटवाला स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब 6:30 बजे व्यस्त कल्याण-कसारा रूट पर भारी बारिश के कारण अटगांव और थानसित स्टेशनों के बीच मिट्टी जमने के कारण पटरियों को 'असुरक्षित' घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही वाशिंद स्टेशन के पास एक पेड़ भी गिर गया।

### भारी बारिश में फंसे 150 पर्यटक



शाहपुर में भटसाई स्थित सृष्टि फार्म हाउस में 150 पर्यटक फंस गए. उन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू टीम पहुंच गई है. उन्हें निकालने का काम शुरू कर दिया गया है. एनडीआरएफ के जवान ट्यूब बोट के जरिए उन्हें निकाल रहे हैं. बाढ़ और बारिश से यह संकट पैदा हुआ है. ये लोग एक फार्म हाउस में फंस गए हैं.

### नया पुल बह गया

नदी तल के पास की सभी इमारतों में पानी घुस गया, जबकि सड़कों पर जलभराव के कारण यातायात अवरुद्ध हो गया। स्थानीय निवासी सुरेश घावत ने बताया कि खरडी के बाघेचा पाड़ा में मई/जून माह में बना पुल बह गया था और रहवासियों का संपर्क टूट गया था. वासिंद रेलवे स्टेशन के पास खंभा सरकने से 1 घंटे तक रेल यातायात ठप हो गया.

### शहापुर में निवासियों का रास्ता रोको



शनिवार रात से हो रही भारी बारिश के कारण शाहपुर में भारंगी नदी का पानी इमारत की पहली मंजिल पर स्थित घरों में घुस गया और कई परिवारों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा. इसके अलावा, इमारत के नीचे खड़े वाहन भी बह गए। चूंकि भारंगी नदी के सौंदर्यीकरण के नाम पर किया गया अतिक्रमण इस बाढ़ का कारण बन रहा है, इसलिए स्थानीय निवासियों ने स्वतःस्फूर्त होकर शाहपुर-आसनगांव मार्ग पर सड़क जाम कर दी. उन्होंने यहां का अतिक्रमण तुरंत हटाने और प्रभावित परिवारों को तत्काल मदद की मांग की.

### तत्काल मुआवजे की मांग

भारंगी नदी तल में अनाधिकृत निर्माण के कारण जगह-जगह जल जमाव हो जाने से शाहपुरवासियों को नुकसान उठाना पड़ा है. सामाजिक कार्यकर्ता संतोष शिंदे, भानुदास भोईर और अविनाश थोरात ने मांग की है कि इसके लिए जिम्मेदार ठेकेदारों और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए और प्रभावितों को तत्काल मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### खड़वली का मुख्य पुल पानी में डूबा

टिटवाला में भी भारी बारिश हुई है. इससे खड़वली का मुख्य पुल पानी में डूब जाने से पांच से छह गांवों का संपर्क टूट गया है. रात से लगातार हो रही बारिश के कारण टिटवाला खड़वली के बीच स्थित रुंडे गांव का पुल पानी में डूब गया है.

# अंबरनाथ में अवैध मांस-मछली विक्रेताओं पर नगर परिषद कार्रवाई करे

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में नगर परिषद की अनुमति के बिना अवैध रूप से कई जगहों पर मांस-मछली बेचा जा रहा है. स्टेशन रोड पर तो शाम से रात तक मरी मुर्गी (चिकन) के मांस को तेल में तलकर बेचा जा रहा है. दिन के समय शहर पश्चिम स्टेशन सड़क पर मछलियों का बड़े पैमाने पर कारोबार हो रहा है. नगर परिषद प्रशासन ने कल्याण की तरह इन मांस एवं मछली विक्रेताओं पर कार्रवाई करते हुए नपा की बिना अनुमति के जो लोग मटन बेच रहे हैं, उनकी दुकानें सील करना चाहिए, ऐसी मांग शहर में की जा रही है.

अंबरनाथ पश्चिम में कुछ जगहों पर अवैध रूप से मांस बेचा जा रहा है. विदित हो कि कुछ वर्ष पूर्व तक अंबरनाथ नपा स्वास्थ्य विभाग, बाजार विभाग द्वारा स्टेशन के मांस विक्रेता दुकानों के पास नपा के आफिस में मटन मांस को चेक करके उन्हें बेचने की अनुमति दी जाती थी. ये आफिस अभी भी यहां पर है. जिस पर लगभग 20 वर्षों से ताला लगा हुआ है. कल्याण में बाजार परवाना विभाग ने पिछले दिनों अवैध रूप से चल रही मांस की दुकानों का मांस जब्त करके कुछ दुकानों को सील भी किया है.

अंबरनाथ में भी जगह-जगह चिकन, मांस-मटन, मछली की बिना परवाना दुकानें खुल गई हैं. साथ ही सड़क के किनारे शेड लगाकर भी मांस, मछली बेची जा रही है. जिस पर नगर परिषद को अंकुश लगाना जरूरी हो गया है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## ब्रिटेन में सत्ता परिवर्तन

ब्रिटेन में चौदह वर्षों बाद कंजर्वेटिव पार्टी को पराजित कर लेबर पार्टी सत्ता की कमान संभालने जा रही है। लेबर पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली है। उसने चार सौ से ऊपर सीटें जीती हैं। किएर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बने हैं। हालांकि इस सत्ता परिवर्तन के कयास बहुत पहले से लगाए जा रहे थे। चुनाव पश्चात सर्वेक्षणों में भी लेबर पार्टी को चार सौ से ऊपर सीटें मिलने के कयास लगाए गए थे।

दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी से लोगों का मोहभंग हो चुका था। खासकर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक खासे अलोकप्रिय हो चुके थे। इस तरह वहां सत्ता-विरोधी लहर थी, जिसमें कंजर्वेटिव पार्टी ध्वस्त गई। ब्रिटेन में काफी समय से महंगाई उच्च स्तर पर है, लोगों पर करों का बोझ काफी बढ़ गया है, सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई हैं और देश की अर्थव्यवस्था एक तरह से ठप पड़ गई है। ऋषि सुनक ने अर्थव्यवस्था संभालने का आश्वासन दिया था, इसके लिए उन्होंने परिश्रम भी खूब किया, मगर कामयाब नहीं हो सके। नतीजतन, लोगों का रहन-सहन पर खर्च बढ़ता गया है।

दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति वहां के लोगों में रोष इस बात को लेकर भी था कि 'ब्रेक्जिट' करके ब्रिटेन यूरोपीय संघ से अलग हो गया, जिससे वहां की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। इसके अलावा गैरकानूनी तरीके से हो रहे प्रवासन पर सुनक सरकार काबू नहीं पा सकी। इसके चलते वहां की सार्वजनिक सुविधाओं पर बोझ बढ़ा है। लेबर पार्टी ने आवास नीति बनाने, आव्रजन नीति को कड़ा करने और यूरोपीय संघ से रिश्ते मजबूत बनाने का वादा किया था। इससे वहां के लोगों में भरोसा पैदा हुआ।

हालांकि चुनावी वादों को जमीन पर उतारना आसान नहीं होता। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को संभालना स्टार्मर के लिए भी बड़ी चुनौती होगी। खाली हो चुके खजाने के साथ करों का बोझ कम करना और सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाना भी आसान नहीं होगा। ऐसे में, अगर आव्रजन नीतियों को कड़ा किया जाता है, तो अलग मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। देखने की बात है कि यूरोपीय संघ के साथ मिल कर वे ब्रिटेन की जर्जर हो चुकी अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में कहां तक कामयाब हो पाते हैं।

# संसद में विपक्ष मजबूत, लेकिन सरकार पर खतरा नहीं

संसद सत्र के पहले नियमित कार्य दिवसों ने मेरे संदेह की पुष्टि की है। जाहिर है, जहां तक नरेंद्र मोदी की सरकार का सवाल है, संसद के अंदर केवल कुछ दृश्यों के अलावा कुछ भी नहीं बदला है। यह स्पष्ट है कि मोदी ने पूरी दृढ़ता से इस बात का निर्णय कर लिया है कि चुनाव से पहले किए गए दावों और नीतियों पर ही आगे बढ़ा जाएगा। विडंबना यह है कि संसद के दोनों सदनों में मोदी के इसी विचार पर अमल किया जा रहा है।

परंपरा तो यह है कि संसद के दोनों सदन सर्वसम्मति से चलते हैं, न कि सत्तापक्ष के बहुमत से। एक बहुत ही छोटे से प्रश्न से इसे समझाने की कोशिश करता हूं। जैसे कि 'हमें बिना भोजनावकाश के संसद की कार्यवाही जारी रखनी चाहिए?' इस बात का निर्णय पीठासीन पदाधिकारी की अनुमति या सदन के बहुमत से नहीं, बल्कि सर्वसम्मति से होना चाहिए। फिर भी दोनों पीठासीन पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ चर्चा के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। बहुत ही दुख की बात है कि यह पिछली सरकार के पांच सालों की याद दिला रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी के इरादे

संसद के दोनों सदनों में पहली बहस और संसद के बाहर लिए गए फैसलों ने सरकार की मंशा और दिशा को स्पष्ट कर दिया है कि देश सिर्फ एक व्यक्ति के आदेशों पर चलेगा। सदन में दो महत्वपूर्ण घटक (टीडीपी और जेडीयू) के अलावा अन्य छोटे दलों का काम सिर्फ सदन की मेज थपथपाना है। मोदी अपने मंत्रियों या दोनों सदनों के विपक्षी नेताओं को कोई मौका नहीं देंगे। अपनी सरकार की सभी गलतियों का ठीकरा जवाहरलाल नेहरू से शुरू कर बाद की कुछ अन्य सरकारों पर फोड़ा जाएगा। भाजपा के प्रवक्ता ट्रोल्स को लेकर बेहद आक्रामक रहेंगे। उन जांच एजेंसियों पर कोई रोक नहीं लगाई जाएगी, जो सरकार के इशारे पर काम करते हैं और उनका काम जारी रहेगा।




स्पष्ट रूप से 543 सांसदों वाली लोकसभा में भाजपा के 240 या एनडीए के 292 सांसद मिलकर भी मोदी को नहीं रोक पाए तो बाकी के सांसदों का क्या है। किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए चार दिन बहुत कम होते हैं, लेकिन ये शुरुआती संकेत हैं।

महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में भाजपा या एनडीए के सांसद बहुत डरे हुए हैं, क्योंकि बहुत जल्द राज्यों में चुनाव होने वाले हैं और उन्हें स्थिति और खराब होने का अंदेशा है। महाराष्ट्र में वर्तमान सरकार का धीरे-धीरे पतन, हरियाणा में कांग्रेस और भाजपा के बीच बराबरी का मुकाबला, इसके अलावा झारखंड हाईकोर्ट द्वारा हेमंत सोरेन को जमानत देने के फैसले ने इन तीनों राज्यों में इंडी गठबंधन में एक नई जान फूंक दी है।

एनडीए/भाजपा को पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मेघालय, मणिपुर, नगालैंड और कर्नाटक में हार का मुंह देखना पड़ा, लेकिन खुशी की बात यह है कि यहां अभी चुनाव नहीं होने वाले हैं।

दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आसाम, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और गुजरात के एनडीए/भाजपा सांसदों के चेहरों पर एक बड़ी मुस्कान तो थी, लेकिन वे 'गठबंधन' वाले टैग की वजह से शर्मिंदा हैं। उन्हें इस बात का भी अंदेशा है कि यह गठबंधन लंबे समय तक चल पाएगा या नहीं?

भाजपा इस बात को अच्छी तरह जानती है कि अजेय पार्टी होने का दावा करने से पहले उसे एक बड़ा पहाड़ चढ़ना है। उसी तरह कांग्रेस को भी भाजपा से ऊंचे पहाड़ पर चढ़ना है। मैं इस बात को बता सकता हूं कि कांग्रेस ने नौ राज्यों में अपनी अधिकतर सीटें जीती हैं, लेकिन 170 सीटों वाले 9 राज्यों में कांग्रेस ने मात्र 4 सीटें जीतीं, जबकि 215 सीटों पर खुद न लड़कर उसने अपने सहयोगियों को उतारा। कांग्रेस और इंडी गठबंधन एक मजबूत विपक्ष के तौर पर है, लेकिन वे सरकार को हराने की स्थिति में नहीं हैं। राजसत्ता की चाबी टीडीपी(16) और जेडीयू (12) के हाथों में है। दोनों ही पार्टियां बजट का इंतजार करने के साथ विशेष दर्जा की मांग करते रहेंगे, जबकि उन्हें भी पता है कि मोदी यह नहीं देने वाले हैं। दोनों ही पार्टियों को महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में होने वाले चुनाव के नतीजों का इंतजार रहेगा।


हमारे अंदर हर समय प्रभु की मधुर संगीत-लहरियाँ गूंज रही हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# भारत-चीन रिश्तों में दिखी सुधार की उम्मीद

भारत और चीन पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को जल्द से जल्द हल करने पर सहमत हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गत गुरुवार को कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ बैठक कर इस मसले पर विस्तार से बातचीत की। इस दौरान भारत ने अपना रुख दोहराते हुए कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान करने के साथ ही सीमा पर शांति बहाली आवश्यक है। इससे दोनों देशों के बीच सीमा पर हालात सामान्य होने और द्विपक्षीय संबंधों में सुधार को लेकर उम्मीद की एक नई किरण नजर आई है।

दरअसल, विदेश मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष के साथ वार्ता में साफ कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध पारस्परिक सम्मान, आपसी हित और संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सीमा पर शांति और द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता तभी आएगी, जब सीमा प्रबंधन के लिए अतीत में दोनों पक्षों के बीच हुए द्विपक्षीय समझौतों और नियमों का पूरी तरह पालन किया जाएगा।

भारत-चीन के बीच एलएसी पर शांति बनाए रखने के लिए अतीत में कई समझौते हुए हैं, जिनमें यह बात भी शामिल रही कि कोई भी देश सीमा विवाद को लेकर एक-दूसरे के खिलाफ सेना या किसी अन्य तरह के बल का प्रयोग नहीं करेगा और एलएसी के जिन इलाकों को लेकर सहमति नहीं बनी है, वहां सैन्य गश्त नहीं होगी। दोनों देशों की सीमा पर यथास्थिति बनी रहेगी। मगर सवाल है कि क्या चीन की ओर से इन बातों पर अमल को लेकर कभी गंभीरता दिखाई गई?




यह छिपा नहीं है कि चीन की सेना की ओर से समय-समय पर इन समझौतों का उल्लंघन किया जाता रहा है, सीमा पर गलत तरीके से घुसपैठ करके भारत के लिए मुश्किल पैदा करने की कोशिश की जाती रही है। मई, 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी की घटना चीन की इसी हरकत का नतीजा थी, जब चीनी सेना समझौते को तोड़कर पूर्वी लद्दाख में निर्धारित बिंदुओं से आगे बढ़कर गश्त करने पहुंच गई थी। भारतीय सुरक्षाबलों ने इसका विरोध किया और दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। तब से लेकर पूर्वी लद्दाख में गतिरोध बरकरार है। अरुणाचल प्रदेश में चीन की दखलअंदाजी छिपी नहीं रही है।

ऐसा नहीं कि इस गतिरोध को खत्म करने के प्रयास नहीं हुए। हालांकि दोनों पक्ष टकराव वाले कुछ क्षेत्रों से पीछे हटे हैं, पर चीन की चालबाजी से ये प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पाए हैं। इस मसले पर दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर की कई दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन इनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया है। भारत-चीन के सैन्य कमांडरों के बीच पिछली वार्ता इसी साल फरवरी में हुई थी, जिसमें दोनों पक्ष सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए, लेकिन गतिरोध के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई।

अब भारत-चीन के विदेश मंत्रियों के बीच वार्ता के जरिए नए सिरे से कूटनीतिक प्रयासों ने इस मसले को सुलझाने के लिए नया आधार दिया है। इस बैठक में दोनों पक्ष इस बात पर भी सहमत हुए कि सीमा क्षेत्रों में वर्तमान में जो हालात हैं, उन्हें लंबा खींचना किसी के भी हित में नहीं है। मगर सवाल यह भी है कि क्या चीन अपने कूटनीतिक वक्तव्यों को यथार्थ की शक्ल देगा? यह इस बात पर निर्भर करता है कि चीन इस वार्ता के निष्कर्षों पर अमल को लेकर कितनी ईमानदार इच्छाशक्ति रखता है।

# उड़ सकते हैं हिप्पो! शोध में चौंकाने वाला दावा

**जरा हट के**

दरियाई घोड़े देखने में भले ही क्यूट लगें, मगर बेहद खतरनाक जीव होते हैं. ये इतने अप्रत्याशित होते हैं कि कब हमला कर दें, पता ही नहीं चलता. बहुत से लोग हिप्पो के शिकार हो जाते हैं, जो अपने ताकतवर जबड़ों में दबाकर लोगों की जान ले लेता है. एक नर हिप्पो का वजन 1500 से 1800 किलो तक होता है, वहीं मादा 1300-1500 किलो तक होती है. इतना भारी वजन होने के बावजूद, हिप्पो उड़ सकते हैं! इसका दावा इंग्लैंड की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने किया है.

फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के रॉयल वेटरनरी कॉलेज के शोधकर्ताओं ने हाल ही में दरियाई घोड़ों पर एक रिसर्च की, जिसके बाद वो इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि हिप्पो भी उड़ सकते हैं. हालांकि, उनकी उड़ान उतनी ऊंची नहीं होती,



जितना पक्षी उड़ते हैं. शोधकर्ताओं ने पाया कि जब हिप्पो अपनी फुल स्पीड में दौड़ते हैं तो बीच-बीच में कई बार ऐसा होता है कि उनके चारों पैर हवा में रहते हैं. हिप्पो 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकते हैं. जबकि इंसान के दौड़ने की स्पीड 13 किलोमीटर प्रति घंटा है.

इस शोध को अंजाम देने के लिए रॉयल वेटरनरी कॉलेज के इवोल्यूशनरी बायोमैकेनिक्स के प्रोफेसर जॉन हचिन्सन और वेटरनरी स्टूडेंट एमिली प्रिंगल ने फ्लिमेंगो लैंड रिजॉर्ट में रहने वाले हिप्पो की चाल को रिकॉर्ड किया. उन्होंने 32 हिप्पो की 169 तरह की चालों को रिकॉर्ड किया. इसके अलावा जू में बंद 2 हिप्पो की चाल को भी रिकॉर्ड किया गया. फ्रोफेसर ने कहा कि हिप्पो की चाल पर पहले इतना काम नहीं किया गया कि उसके आधार पर शोध को अंजाम दिया जा सके, क्योंकि हिप्पो बेहद हिंसक जीव होते हैं, जो इंसानों पर हमला करने में परहेज नहीं करते.

**खाना-खजाना**

# बाजरा खिचड़ी

**सामग्री :**

घर पर पौष्टिक बाजरा खिचड़ी बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत पड़ेगी. जैसे एक कप बाजरा, आधा कप मूंग दाल, तीन कप पानी, थोड़ा कद्दूकस किया हुआ अदरक, दो हरी मिर्च बारीक कटी हुई, दो प्याज बारीक कटे हुए, एक चम्मच घी, आधा चम्मच जीरा, आधा चम्मच हल्दी पाउडर, आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, स्वादअनुसार नमक और बारीक कटा हुआ हरा धनिया. इन सब सामग्री की मदद से आप टेस्टी बाजरा खिचड़ी बना सकती हैं.

**विधि :**

बाजरे की खिचड़ी बनाने के लिए सबसे पहले बाजार और मूंग दाल को अच्छी तरह धो लें, फिर एक प्रेशर कुकर में बाजरा, मूंग दाल, पानी, अदरक, हरी मिर्च और नमक डाल दें. फिर कुकर को ढककर बंद कर दें और 3 से 4 सिटी आने तक इंतजार करें. जब कुकर से 4 सिटी आ जाए, तब




गैस बंद कर प्रेशर कुकर को थोड़ा ठंडा होने दें. कुकर ठंडा हो तब तक आप एक पैन में घी गर्म करें, उसमें थोड़ा जीरा डालें, जब जीरा तड़कने लगे, तो प्याज डालकर इसे सुनहरा कर ले. प्याज सुनहरे हो जाए, उसके बाद इसमें हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और कुछ मसाले डालकर 1 मिनट तक भून लें. अब कुकर से बाजार और मूंग दाल को निकाल कर पैन में डाल दे, फिर इसे अच्छी तरह मिलाएं और 2 से 3 मिनट तक मध्यम आंच पर पका लें. जब यह अच्छे तरीके से पक जाए, तो इसे प्लेट में निकाल कर इस पर बारीक कटा हुआ धनिया डालकर गरमा गर्म परोस दें.

### सब्जियों को करें शामिल

बाजरा खिचड़ी डायबिटीज रोगियों के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद मानी गई है. आप खिचड़ी बनाते समय इसमें अपनी पसंद की सब्जियों को शामिल कर सकते हैं और जब आप इसे खाएं, तो दही का इस्तेमाल कर सकते हैं. इस खिचड़ी को आप मेहमान, बच्चे, दोस्तों को भी बनाकर खिला सकती हैं.

# अक्सर महिलाएं मेकअप के वक्त करती हैं ये गलतियां



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे मेकअप करना पसंद नहीं होगा। खासतौर पर अगर बात करें आजकल की लड़कियों की तो वो हर जगह अलग तरीके से मेकअप करना पसंद करती हैं। एक समय था, जब लड़कियां मेकअप सिर्फ अच्छा दिखने के लिए करती थीं, लेकिन आज के समय में मेकअप से आत्मविश्वास बढ़ता है। इसी के चलते हर लड़की के बैग में मेकअप के कुछ सामान जरूर होते हैं। वैसे तो मेकअप करना काफी आसान होता है लेकिन बहुत सी लड़कियां मेकअप करते वक्त कुछ ऐसी गलतियां कर देती हैं, जिससे उनका लुक खराब हो जाता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी छोटी-छोटी गलतियों के बारे में बताएंगे, जो अक्सर मेकअप करते वक्त हो जाती हैं। इन बातों का ध्यान रखकर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। इनका ध्यान रखना भी काफी आसान होता है।

### ■ मॉइश्चराइजर लगााएं

ज्यादातर महिलाएं ये सोचती हैं कि मेकअप से पहले मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं होती लेकिन ऐसा नहीं है। अगर आप मेकअप से पहले मॉइश्चराइजर लगाएंगी, तो आपका मेकअप और खूबसूरत तरह से ब्लेंड होगा।

### ■ सही फाउंडेशन का चुनाव

अगर आप गलत शेड के फाउंडेशन का इस्तेमाल करेंगी तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। हमेशा अपनी स्किन टोन के हिसाब से ही फाउंडेशन खरीदें।

### ■ ना लगाएं लेयर पर लेयर

एक बार मेकअप होने के बाद उसके ऊपर अतिरिक्त लेयर ना लगाएं। इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। मेकअप की ज्यादा लेयर होने की वजह से मेकअप में क्रेक पड़ सकता है।

### ■ सही से करें ब्लेंड

ज्यादातर महिलाएं महंगे मेकअप खरीद तो लेती हैं, लेकिन उन्हें मेकअप सही से ब्लेंड करना नहीं आता। ऐसे में मेकअप ब्लेंड करते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि इसे ज्यादा घिसे नहीं। इससे मेकअप खराब हो सकता है।

### ■ सही लिपस्टिक के शेड का करें चुनाव

अगर आपकी लिपस्टिक का शेड अच्छा नहीं होगा, तो इससे आपका पूरा लुक बिगड़ जाएगा। होंठों पर लिपस्टिक लगाते वक्त पहले लिप बाम जरूर लगाएं। सूखे होंठों पर लिपस्टिक अजीब लगती है।

## आज का राशिफल

**मेष** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है। कुसगंति से हानि होगी। कार्यसिद्धि होगी।

**वृषभ** : जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। आज के काम कल पर नहीं टालें। विवेक का प्रयोग करें। लाभ होगा। दुष्टजनों से सावधान रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कहीं से बुरी खबर मिल सकती है।

**मिथुन** : जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**कर्क** : किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। समय नेष्ट है। नकारात्मकता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। चिंता तथा तनाव में वृद्धि होगी।

**सिंह** : शत्रु शांत रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ रहेगा।

**कन्या** : संतान पक्ष से स्वास्थ्य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे।

**तुला** : थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति हो सकती है। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**वृश्चिक** : प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। विवाद हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। युवक व युवती विशेष सावधानी बरतें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। आय में निश्चितता रहेगी।

**धनु** : कानूनी बाधा संभव है। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धनहानि किसी भी तरह हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** : सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। प्रॉपर्टी के काम बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में सुख-शांति रहेंगे। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अपमान हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कुंभ** : मनोरंजक यात्रा की आयोजना हो सकती है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। मित्र व संबंधियों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। जोखिम न लें। आंखों को चोट से बचाएं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**मीन** : दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से खिन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। भागदौड़ रहेगी। जोखिम न लें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बरसात के मौसम में भूलकर भी न खाएं ये 5 फल

### ■ डाइजेशन और आंतों का होगा बुरा हाल

### ■ शरीर में जाते जहर की तरह करेंगे असर

बारिश के मौसम में खानपान के प्रति लापरवाही बरतने से वॉटर बॉर्न डिजीज, फूड पॉइजनिंग, पेट में कीड़े, इंफेक्शन, पेट दर्द, उल्टी, दस्त आदि की समस्याएं हो सकती हैं. ऐसे में आप वही चीजें खाएं जो इस मौसम में खाने के लिए हेल्दी और सेफ हों. इस सीजन में हरी पत्तेदार सब्जियों को खाने से बचने के साथ ही कुछ फलों के सेवन से भी परहेज करना चाहिए. चलिए जानते हैं उन फलों के बारे में जिनका सेवन बारिश में अधिक करने से आपको नुकसान हो सकता है.



### ■ बेरीज खाने से बचें

बारिश के मौसम में आप बेरीज जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रैस्पबैरी जैसे फलों के सेवन से परहेज करें. दरअसल, ये ह्यूमिड कंडीशन में जल्दी खराब होते हैं, जिससे बैक्टीरिया, मोल्ड में आसानी से वृद्धि होती है.

### ■ तरबूज, खरबूजा न खाएं

आप बारिश के मौसम में बहुत ज्यादा तरबूज, खरबूजा आदि खाते हैं तो ऐसा न करें, क्योंकि ये फल इस मौसम में काफी नमी यानी मॉइस्चर को एब्जॉर्ब करते हैं, जिससे ये जल्दी खराब और दूषित हो सकते हैं.

### ■ आड़ू न खाएं-

आड़ू एक ऐसा फल है, जो बहुत ही सॉफ्ट होता है और आसानी से नमी में एक्सपोज होने पर पिलपिला हो जाता है. इससे आसानी से फंगस लग सकता है. इससे आपका पेट खराब हो सकता है. पाचन तंत्र की सेहत बिगड़ सकती है.

### ■ अंगूर न खाएं

क्या आप जानते हैं कि जिस अंगूर को आप बारिश के मौसम में अधिक मात्रा में खाते हैं, वह आपको बीमार कर सकता है? ऐसा इसलिए, क्योंकि अंगूर की ऊपरी स्किन काफी पतली होती है, जो आसानी से पानी को एब्जॉर्ब कर सकता है. इससे ये पिलपिले हो सकते हैं और फंगस लगने से खराब हो सकते हैं. इस तरह का अंगूर खाना आपकी सेहत को भारी नुकसान पहुंचा सकता है. इससे अपच होने के साथ ही पाचन तंत्र खराब हो सकता है.

### ■ चेरी न खाएं

यदि आपको चेरी खाना पसंद है तो इसे बारीश के मौसम में खाना थोड़ा कम कर दें वरना आपकी सेहत बिगड़ सकती है. ह्यूमिड मौसम में ये फल भी बहुत तेजी से खराब होता है. चेरी की स्किन भी बहुत सॉफ्ट होती है, इससे फंगी जल्दी विकसित होने लगता है.

# डायबिटीज से लेकर पाचन के लिए फायदेमंद है अंबली



पाचन को सही रखने के के लिए आंतों में गुड बैक्टीरिया का होना जरूरी है। गुड बैक्टीरिया बढ़ाने के लिए फर्मेंटेड फूड काफी मदद करते हैं। फर्मेंटेड फूड की लिस्ट में देसी ड्रिंक अम्बली बहुत कारगर है। ये गट हेल्थ को इम्पूव करने के साथ ही सेहत को और भी कई बीमारियों से बचाने में मदद करती है।

## अम्बली पीने से होने वाले फायदे

### ■ गट हेल्थ इंप्रूव करती है अम्बली

अम्बली बनाने के लिए किसी भी तरह के बाजरे, कोदो या मिलेट्स को इस्तेमाल किया जा सकता है। ये फर्मेंट होने के बाद गट हेल्थ को इंप्रूव करती है। जिससे पाचन सही रहता है और खाया हुआ खाना आसानी से पच जाता है।

### ■ विटामिन बी 12 की कमी पूरी करता है

कोदो और बाजरा जैसे मिलेट्स में कैल्शियम से लेकर फास्फोरस की पर्याप्त मात्रा होती है। जिन लोगों के शरीर में विटामिन बी12 की कमी होती है। उन्हें अंबली पीना चाहिए। इससे सेल्स विटामिन बी 12 को आसानी से अब्जार्ब करने लगते हैं और विटामिन बी 12 के लिए अलग से सप्लीमेंट्स लेने की जरूरत नहीं पड़ती है।

### ■ डायबिटीज रोगियों के लिए है फायदेमंद

कोदो, सांवा जैसे मिलेट्स को लेकर तैयार अंबली को पीने से टाइप टू डायबिटीज सही होती है। मिलेट्स में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है। जिससे ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है। इसलिए डायबिटीज रोगियों के लिए अंबली पीना फायदेमंद होता है।

### ■ कब्ज दूर होती है

रोजाना कब्ज की समस्या से जूझते रहते हैं तो अंबली ड्रिंक बेस्ट है। इसे पीने से फाइबर की भरपूर मात्रा मिलती है। जिससे आसानी से पेट साफ हो जाता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### महिला समेत नौ लोग डूबे, चार बच्चों की मौत

**आगरा.** आगरा में बड़ा हादसा हो गया है। थाना खंदौली के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे के पास रविवार सुबह एक तालाब में महिला और आठ बच्चे डूबे गए। जिसमें से चार बच्चों की मौत हो गई। खंदौली थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश चौहान के मुताबिक सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक महिला और आठ बच्चियां तालाब में डूबने लगीं, उनकी चीख पुकार सुनकर पुलिस, होमगार्ड और लोग वहां एकत्र हो गए। होमगार्ड मुकेश चौहान और वहां पहुंचे लोगों में से दो लोग तुरंत तालाब में कूद गए और एक महिला तथा चार बच्चों को तो सही सलामत बाहर निकाल लिया, लेकिन शेष चार बच्चियों की हालत बहुत नाजुक थी, जिनमें से एक ने तो वहीं दम तोड़ दिया जबकि बाकी तीन बच्चियों को तुरंत एस.एन.मेडिकल कॉलेज भेजा गया, लेकिन वहां अन्य तीन बच्चियों की भी मौत हो गई।

### पति नहीं लाया कूलर तो भड़क गई पत्नी, पति को सबक सिखाने के लिए पहुंची थाने

**आगरा.** आगरा में परिवार परामर्श केंद्र पर आए दिन अजीबो-गरीब केस आ रहे हैं। किसी के घर मोमोज के लिए झगड़ा हो रहा है तो कोई महंगी लिपिस्टक लाने को लेकर घर में बवाल कर दे रहा है। अब एक ऐसा मामला आया है जिसे सुनकर आपको भी हैरान हो जाएगी। दरअसल शादी के बाद महिला और उसका पति हंसी-खुशी घर में रह रहा था। कुछ दिन पहले महिला को गर्मी लगी तो वह परेशान हो गई। इस पर महिला ने अपने पति को कूलर लाने के लिए कहा। पति ने पैसों का अभाव बताकर कुछ दिन बाद कूलर लाने की बात कही। इतनी सी बात सुनकर पत्नी भड़क गई और फिर वह घर पर ताला लगाकर अपने मायके चली गई। कूलर न लाने की बात इतनी बढ़ गई कि मामला अब थाने तक पहुंच गया है। परिवार परामर्श केंद्र में दोनों की सुलह कराई गई है।

### अलीगढ़ के बाद शामली में युवक की पीट-पीटकर हत्या, तीन हफ्तों में दूसरे मामले से दहशत

**शामली.** शामली के जलालाबाद में गुरुवार की रात में एक घर में घुसे युवक की मौत होने पर बखेड़ा खड़ा हो गया। युवक के घर में घुसने पर महिलाओं ने शोर मचाया तो मोहल्ले के लोग भी एकत्रित हो गए। उसे जमकर पीटा। बताया गया है कि लोगों ने युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस युवक को चौकी ले जायी बताया जा रहा है कि नशे में होने के कारण पुलिस ने परिजनों को बुलाकर उसे सौंप दिया। कुछ देर बाद घर पहुंचने पर युवक की मौत हो गई। इसको लेकर रात में भी परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने चार खिलाफ युवक की हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। गुरूवार की रात लगभग 8 बजे जलालाबाद के मौहल्ला आर्यनगर मे धर्मपाल कश्यप के मकान में कस्बे के मौहल्ला अमानत अली निवासी फिरोज पुत्र फजल घुस गया। महिलाओ के शोर मचाने पर मौहल्ले के लोग इकटठा हो गये। 112 डायल नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

# तमिलनाडु में कानून व्यवस्था चौपट, सीबीआई करे हत्या की जांच

**लखनऊ.** बहुजन समाज पार्टी (BSP) सुप्रीमो मायावती ने उनकी पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या की सीबीआई से जांच कराए जाने की रविवार को मांग की। आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को यहां हत्या कर दी गई थी। मायावती ने दावा किया कि इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोग असल अपराधी नहीं हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का आग्रह किया ताकि न्याय मिल सके।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने यहां आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि दी और शहर के पेरम्बूर स्थित एक निजी स्कूल में 52 वर्षीय नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। बसपा प्रमुख ने कहा कि हमलावरों के एक समूह ने शुक्रवार देर शाम जिस तरह से उनकी हत्या कर दी, उससे पता चलता है कि राज्य में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है।

**स्टालिन सरकार पर भड़कीं मायावती**

मायावती ने कहा कि स्टालिन को आर्मस्ट्रांग के लिए न्याय सुनिश्चित करना चाहिए और सीबीआई को जांच सौंपनी चाहिए।



उन्होंने कहा, 'उनकी जिस तरह से हत्या की गई, उससे पता चलता है कि तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। जिन्होंने उनकी हत्या की है, उन असल दोषियों को अभी तक नहीं पकड़ा गया है।'

उन्होंने कहा, 'असल दोषियों को अभी तक नहीं पकड़ा गया है। जांच को सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए। हमें उम्मीद नहीं है कि राज्य सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी, इसलिए मामले को तुरंत सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए।' बसपा नेता ने कहा कि आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद पूरे राज्य में दलितों के बीच भय पैदा हो गया है और उन्होंने मुख्यमंत्री से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बसपा ने मामले को गंभीरता से लिया है, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए।

# उत्तराखंड में लैंडस्लाइड चारधाम यात्रा रोकी गई

- असम में 58 और UP में 13 की मौत

**देहरादून.** उत्तराखंड के गढ़वाल डिवीजन में भारी बारिश के चलते आज चार धाम यात्रा रोक दी गई है। बद्रीनाथ-विष्णु प्रयाग नेशनल हाईवे के पास लैंडस्लाइड के कारण सड़क ब्लॉक हो गई है। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं।



असम के 29 जिलों में बारिश और बाढ़ की वजह से 23 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अब तक 58 लोगों की मौत हुई है। 27 जिलों में 577 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। इसमें 5 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में भी 15 लाख से ज्यादा जानवर प्रभावित हुए हैं। 6 गैंडो समेत 114 जानवरों की मौत हो चुकी है।

उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई है। रिलीफ डिपार्टमेंट के मुताबिक दो लोगों की मौत बिजली गिरने से, एक व्यक्ति की मौत डूबने से, जबकि तीन लोगों की मौत बारिश संबंधित घटनाओं में हुई।

**5 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट**

IMD ने रविवार (7 जुलाई) के लिए पांच राज्यों- उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, कर्नाटक में बहुत भारी बारिश का अलर्ट और 17 राज्यों- पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बिहार, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, केरल, गोवा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# मरीजों की रिपोर्ट से बनी पेपर प्लेट?

- अस्पताल के 6 कर्मचारियों को नोटिस




**मुंबई.** मुंबई में स्थित किंग एडवर्ड मेमोरियल (KEM) हॉस्पिटल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. यह नागरिकों के लिए एक सुविधाजनक अस्पताल है. मरीजों की रिपोर्ट की कागजों से बनी की प्लेटें दिखने वाले एक वीडियो के वायरल होने के बाद 6 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. एजेंसी के मुताबिक, एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि वीडियो क्लिप के बाद बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) ने घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की है.

पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उजागर किया, जिसमें अस्पताल, मरीजों और मेडिकल प्रोसीजर के नाम वाली कागज की प्लेटों का एक वीडियो शेयर किया गया. उन्होंने हॉस्पिटल प्रशासन पर 'घोर लापरवाही' का आरोप लगाया.

जवाब में केईएम डीन डॉ. संगीता रावत ने साफ किया कि ये प्लेटें मरीज की रिपोर्ट से नहीं बनाई गई थीं. डॉ. रावत ने पीटीआई को बताया, ऱ्ये मरीज की रिपोर्ट नहीं हैं, ये सीटी स्कैन के पुराने फोल्डर हैं, जिन्हें स्क्रैप डीलरों को दोबारा इस्तेमाल के लिए दिया गया था. गलती बस इतनी थी कि इन स्क्रैप पेपर को देने से पहले टुकड़े-टुकड़े नहीं किया गया था.

उन्होंने बताया कि छह कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है.

बता दें कि बीएमसी ने घटना की जांच के लिए डिप्टी कमिश्नर (पब्लिक हेल्थ) की अगुआई में एक सदस्यीय समिति गठित की है. नगर निगम प्रशासन ने अस्पताल के डीन से भी स्पष्टीकरण मांगा है. बीएमसी के बयान के मुताबिक, मरीजों को आमतौर पर सीटी स्कैन, एमआरआई और एक्स-रे रिपोर्ट पेपर फोल्डर में मिलती है. ये पुराने फोल्डर बाद में स्क्रैप वेंडर को दे दिए जाते हैं. हालांकि, संबंधित फोल्डर को पेपर प्लेट में बदलने से पहले उसे टुकड़े-टुकड़े नहीं किया गया था. नगर निकाय ने इशारा किया कि स्क्रैप वेंडर को सौंपा गया काम ठीक से पूरा नहीं किया गया था. बीएमसी ने इस प्रोसेस की देखरेख के लिए जिम्मेदार लोगों को मेमो जारी किए हैं.

# जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में 6 आतंकी ढेर, 2 जवान शहीद

- 2 जगहों पर 2 दिन से एनकाउंटर जारी;
- राजौरी में आर्मी कैंप पर हमला

**कुलगाम.** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में रविवार (6 जुलाई) को लगातार दूसरे दिन मुठभेड़ जारी है। मुदरघम और चिन्निगम फ्रिसल में अबतक 6 आतंकी मारे गए हैं। दो जवान शहीद हुए हैं। मुदरघम में एक-दो आतंकियों और चिन्निगम फ्रिसल में एक और आतंकी के छिपे होने की संभावना है।



मुदरघम में रविवार सुबह दो आतंकी मारे गए हैं। यहां शनिवार (6 जुलाई) को एक आतंकी मारा गया था। एक जवान शहीद हो गया था। कुलगाम के चिन्निगम फ्रिसल में कल चार आतंकी मारे गए। एक जवान शहीद हुआ था।

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन ने बताया कि दोनों जगहों पर मुठभेड़ जारी है। हमें स्थानीय आतंकियों के भी शामिल होने की खबर मिली है। 6 आतंकी मारे गए हैं। यह सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है।

दूसरी तरफ, जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में आतंकियों ने रविवार सुबह एक आर्मी कैंप पर हमला कर दिया। इसमें एक जवान घायल हो गया। जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकी घने जंगल के रास्ते भाग गए। सेना और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

# महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ीं

## नए आपराधिक कानूनों के तहत FIR दर्ज; क्या है मामला?

**कोलकाता.** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की एक बार फिर से मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाथरस कांड के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा के खिलाफ किए गए एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर महुआ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। नए आपराधिक कानून के तहत महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने को लेकर मामला दर्ज हुआ है।



यूपी के हाथरस में पिछले दिनों 'भोले बाबा' के सत्संग में भगदड़ मच गई थी, जिसके बाद 121 लोगों की जान चली गई। इस हादसे के बाद महिला आयोग प्रमुख रेखा शर्मा घटनास्थल पर पहुंची थीं। सामने आए वीडियो में रेखा शर्मा के लिए किसी और ने बारिश से बचाने के लिए छाता पकड़ा हुआ था। इस पर महुआ मोइत्रा ने एक्स पर लिखा था कि वह अपने बॉस का पजामा संभालने में बहुत व्यस्त हैं। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद महुआ ने अपने पोस्ट को हटा लिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अपनी अध्यक्ष रेखा शर्मा के विरुद्ध तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा की आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ पुलिस से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कहा था। एनसीडब्ल्यू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "अभद्र टिप्पणी अपमानजनक है और यह गरिमा के साथ रहने के एक महिला के अधिकार का उल्लंघन है। आयोग ने पाया कि यह टिप्पणी भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 79 के अंतर्गत आती है।" एनसीडब्ल्यू ने कहा कि वह अपमानजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है और मोइत्रा के खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहता है।

### पिता की स्कूटी से फिसलकर नाले में बहा बच्चा, तीन दिन बाद मिला शव

गुवाहाटी में नाले में बहे आठ साल के बच्चे का शव तीन दिन की तलाश के बाद मिला है। पिता के साथ स्कूटर से जाते वक्त अचानक वह नाले में गिर गया था और इसके बाद उसकी तलाश जारी थी। पिता के साथ प्रशासन भी तीन दिन से उसकी तलाश में जुटा था। जानकारी के मुताबिक जहां वह गिरा था वहां से चार किलोमीटर दूर उसका शव पाया गया है। पैरंट्स ने शव की पहचान की है।

पुलिस ने बताया कि तलाश में जुटी एजेंसियों ने शव को बरामद किया था। गुवाहाटी के पहाड़ी ज्योतिनगर क्षेत्र में घर लौटते वक्त गुरुवार की शाम को वह अचानक पिता के स्कूटर से नीचे गिर गया था। पिता ने उसका हाथ पकड़ने की कोशिश की लेकिन नाले में बहाव तेज होने की वजह से वह बह गया।


# सूरत में 5 मंजिला बिल्डिंग गिरी, 7 शव निकाले गए

- 2017 में अवैध रूप से बनाई गई थी
- 8 साल में ही ढह गई

**सूरत.** सूरत शहर के इंडस्ट्रियल एरिया सचिन में शनिवार दोपहर पांच मंजिला बिल्डिंग ढह गई थी। रेस्क्यू में जुटी टीम को रविवार सुबह तक 7 लोगों के शव मिल चुके हैं। जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल है। NDRF की टीम का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अभी भी मलबा हटाने का काम चल रहा है।

हादसे में जान गंवाने वालों के नाम अनमोल शालीग्राम, शिवपूजन शोखीलाल केवट, परवेज शोखीलाल केवट, लालजी बमभोली केवट, अभिषेक केवट, ब्रजेश हीरालाल गोड, हीरामडी बमभोली केवट हैं। हादसे में घायल कशिश शर्मा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिल्डिंग 2017 में ही बनी थी। सिर्फ 7 साल में ही पूरी बिल्डिंग के ढह जाने से इसके निर्माण की गुणवत्ता का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

शनिवार रात 9.10 बजे पहला शव निकाला गया। इसके बाद दूसरा शव 11.50 बजे, तीसरा 4 बजे, चौथा साढ़े 4 बजे और 4.45 पर एक साथ तीन शव निकाले गए। अब भी बिल्डिंग का मलबा हटाने का काम चल रहा है। आशंका है कि मलबे में 2-3 लोग और दबे हो सकते हैं।



**बिल्डिंग के दो फ्लोर पर ही लोग रहते थेः शुभम**

इमारत में रहने वाले शुभम ने बताया कि उनका 17 साल का छोटा भाई साहिल है। हादसे के दौरान वह कमरे में ही था। पूरी बिल्डिंग के दो फ्लोर ही भरे हुए थे। फर्स्ट और सेकंड फ्लोर पर ही लोग रहते थे। नीचे दो रूम और उसके ऊपर 6 रूम में लोग रहते थे।

शुभम ने बताया- बाकी के फ्लोर खाली थे। हर एक रूम में कम से कम 5 लोग तो रहते थे। इस तरह दोनों फ्लोर में 20 से 25 लोग रहते थे। मेरे बगल में एक कमरा था, जिसमें एक आंटी रहती थीं। वे चार दिन पहले ही अपने भाई के साथ यहां रहने आए थे।

# राहुल गांधी ने CM योगी को पत्र लिखा

**हाथरस.** हाथरस घटना को लेकर राहुल गांधी ने CM योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। कहा- हादसा इतना दुखद है कि परिजनों से मिलते समय मेरे पास सांत्वना के शब्द भी कम पड़ गए। दोषियों को कठोर सजा दी जाए, जिससे दोबारा ऐसी घटना न हो। राहुल ने हादसे के लिए स्थानीय प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। मुआवजे की राशि बढ़ाने की मांग की।

उधर, हाथरस हादसे के बाद भोले बाबा के सेवादार का ऑडियो सामने आया है। इसमें वो कह रहा है कि बाबा ने कहा था आज प्रलय होगी। कई लोगों की मौत होगी। प्रलय हो भी गई। अपने आप ही लोग सड़क पर गिरने लगे। फिर लाशें बिछ गईं।



न्यायिक जांच आयोग की टीम आज जिला अस्पताल में घायलों से पूछताछ कर सकती है। शनिवार को टीम ने डीएम और एसपी से घटना के बारे में जानकारी ली थी। घटनास्थल का निरीक्षण किया था। पुलिस ने भोले बाबा की राजनीतिक फंडिंग की जांच शुरू कर दी है।

# भारत ने 100 रन से जीता दूसरा टी-20 मैच, जिम्बाब्वे को 134 पर समेटा

- अभिषेक शर्मा की सेंचुरी
- सीरीज 1-1 से बराबर

भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में धमाकेदार वापसी की है। पहला मैच 13 रन से गंवाने वाली भारतीय टीम ने रविवार को दूसरे मुकाबले में 100 रन से जीत हासिल की। ओपनर अभिषेक शर्मा (47 गेंदों में 100, सात चौके, आठ सिक्स) की तूफानी सेंचुरी के दम पर भारत ने 235 का लक्ष्य रखा। जवाब में जिम्बाब्वे टीम 18.4 ओवर में 134 रन पर ऑलआउट हो गई। जिम्बाब्वे की ओर से सर्वाधिक रन वेस्ली मधेवेरे (43) ने बनाए। ल्यूक जोंगवे ने 33 और ब्रायन बेनेट ने 26 रन का योगदान दिया। मेजबान टीम के पांच प्लेयर दहाई अंक में नहीं पहुंचे, जिसमें कप्तान सिकंदर रजा (4) भी शामिल हैं। जिम्बाब्वे ने सात विकेट 76 के स्कोर तक गंवा दिए थे। जोंगवे ने




किसी तरह एक छोर संभाला और जिम्बाब्वे को 100 के पार पहुंचाया। भारत के लिए तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और आवेश खान तीन-तीन विकेट चटकाए। स्पिनर रवि बिश्नोई और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक शिकार किया। जिम्बाब्वे का एक प्लेयर रनआउट हुआ।

इससे पहले, भारत ने हरारे के मैदान पर निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 234 रन जुटाए। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान शुभमन गिल (2) दूसरे ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी का शिकार बने। इसके बाद, अभिषेक और ऋतुराज गायकवाड़ ने दूसरे विकेट के लिए 137 रन की दमदार साझेदारी की। अभिषेक को मसाकाद्ज़ा ने 14वें ओवर में आउट किया। उनके जाने के बाद बैटिंग के लिए आए रिंकू सिंह ने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने गायकवाड़ के साथ तीसरे विकेट के लिए 87 रन की अटूट साझेदारी की। गायकवाड़ ने 47 गेंदों में 11 चौकों और एक सिक्स की बदौलत नाबाद 77 रन बनाए। रिंकू 22 गेंदों में 48 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और पांच सिक्स जमाए। पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है।

# 'सीने पर गोली खाकर मरूंगा'

## शहीद कैप्टन की पत्नी ने बताई फोन पर हुई आखिरी बात

**नई दिल्ली.** असाधारण बहादुरी के लिए मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किए गए सेना चिकित्सा कोर के कैप्टन अंशुमन सिंह की पत्नी स्मृति ने अपने पति को याद करते हुए कहा कि वह अक्सर कहा करते थे कि 'मैं साधारण मौत नहीं मरूंगा। मैं सीने पर गोली खाकर मरूंगा।' कैप्टन सिंह को जब कीर्ति चक्र से शुक्रवार को सम्मानित किया गया तो यह उनके परिवार के लिए उनकी वीरता पर गर्व करने का क्षण था और पुरस्कार ग्रहण करते समय उनकी पत्नी और मां के चेहरे पर दुख एवं गर्व का मिलाजुला भाव दिखाई दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को रक्षा अलंकरण समारोह में दिवंगत अधिकारी की पत्नी और मां मंजू सिंह को कैप्टन अंशुमन सिंह की शहादत पर कीर्ति चक्र प्रदान किया। यह शांतिकाल में वीरता के लिए दिया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर स्मृति का एक वीडियो साझा किया, जिसमें



उन्होंने अपने पति को याद करते हुए बताया कि वे दोनों कैसे एक-दूसरे के हमसफर बने थे।

कैप्टन सिंह की पत्नी ने कहा, 'वह बहुत काबिल थे। वह मुझसे कहा करते थे,'मैं सीने पर गोली खाकर मरूंगा। मैं ऐसी साधारण मौत नहीं मरूंगा जिसके बारे में किसी को पता ही न चले।' कैप्टन सिंह की शहादत की कहानी भी आम नहीं है। कैप्टन सिंह पिछले वर्ष जुलाई में भीषण आग से लोगों को बचाते समय शहीद हो गए थे।

राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर कहा, 'राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेना चिकित्सा कोर, 26वीं बटालियन पंजाब रेजिमेंट के कैप्टन अंशुमन सिंह को मरणोपरांत कीर्ति चक्र प्रदान किया। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर उन्होंने आग लगने की एक बड़ी घटना में कई लोगों को बचाने के लिए असाधारण बहादुरी का परिचय दिया।' राष्ट्रपति भवन ने कैप्टन सिंह की पत्नी द्वारा कीर्ति चक्र स्वीकार करते हुए एक तस्वीर भी साझा की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच जुलाई को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को 10 कीर्ति चक्र प्रदान किए जिनमें से सात पदक मरणोपरांत दिए गए। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किया गया वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।

# महिला क्रिकेटरों की नग्न तस्वीरें खींचता था कोच

- POCSO में मुकदमा
- शिकायत के बाद गिरफ्तार

केरल में महिला क्रिकेटरों के पूर्व कोच को यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उस पर प्रशिक्षण सत्र के दौरान महिला छात्रों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया है। मामले में केरल के मानवाधिकार आयोग ने खुद की संज्ञान लेकर पूर्व कोच के खिलाफ महिला खिलाड़ियों से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करवाया है। साथ ही आयोग ने केसीए को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पूर्व कोच पर आरोप है कि ट्रेनिंग सेशन के दौरान उसने शरीर का मूल्यांकन करने के बहाने नाबालिग लड़कियों की नग्न तस्वीरें खींची और उनका यौन उत्पीड़न किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने पोक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, केरल महिला क्रिकेट टीम के पूर्व कोच मनु को महिला खिलाड़ियों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो दिन पहले ही तिरुवनंतपुरम से गिरफ्तार किया था। अभी वो न्यायिक हिरासत में है। पुलिस जांच में आरोपी के खिलाफ नए-नए खुलासे सामने आए हैं। पुलिस ने आरोपी मनु के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उस पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप हैं।

### शिकायत के बाद गिरफ्तारी

केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने खुद ही संज्ञान लेकर रविवार को मनु के खिलाफ युवा महिला खिलाड़ियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना में मामला दर्ज किया। आयोग ने लड़कियों द्वारा लगाए गए आरोपों और ऐसी घटनाओं को लेकर केसीए को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पैनल ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में खुद ही संज्ञान लिया और आरोपी कोच के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## संक्षेप...

### पत्रकार मंडली पर जबरन वसूली का मामला दर्ज

**भिवंडी.** मुंबई नासिक महामार्ग राजनोली नाका पर सरिया लोडेड 2 ट्रेलर गाडियों को रोक कर तथाकथित 6 पत्रकारों ने पुलिस में फंसाने की धमकी देकर ड्राइवर से 15 लाख रूपये की मांग की. ड्राइवर ने इसकी शिकायत कोनगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में तथाकथित पत्रकार संजय तिवारी, हरेंद्र गौतम,प्रवीण जाधव, बाबू शेख अन्य दो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है.

भिवंडी बायपास राजनोली नाका, उड़ानपुल के नीचे कथित पत्रकारों ने जबरन ट्रेलर को रोक लिया और कहने लगे कि अगर तुम दोनों को माल लेकर जाना है तो 15 लाख रूपये देना पड़ेगा.

# कांग्रेस मांग रही 'पेड' आवेदन

- टिकट के लिए देनी होगी कितनी रकम?
- 10 अगस्त से पहले जमा करने होंगे आवेदन



**मुंबई.** लोकसभा चुनाव के बाद सबकी निगाहें विधानसभा चुनावों पर टिकी हैं। इस साल के अंत में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर महा विकास अघाड़ी (MVA) के सहयोगी दल कांग्रेस ने चुनाव लड़ने वाले इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं, लेकिन यह आवेदन पेड होगा। पार्टी ने कैटेगरी वाइज अलग-अलग आवेदन फीस तय की है। आइए जानते हैं कि टिकट के लिए कितनी देनी होगी रकम?

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने एक हैरान करने वाला फैसला लिया है। विधानसभा चुनाव में टिकट के दावेदारों को अब आवेदन शुल्क अदा करना पड़ेगा। अगर कोई दावेदार जनरल कैटेगरी में चुनाव लड़ने के लिए टिकट चाहता है तो उसे 20 हजार रुपये आवेदन शुल्क देने पड़ेगा, जबकि एससी-एसटी श्रेणी और महिलाओं के लिए यह फीस 10 हजार रुपये निर्धारित की गई है।

पेड आवेदन से संबंधित निर्देश के लिए सभी जिला पार्टी इकाइयों और अन्य पदाधिकारियों को एक पत्र भी जारी किया गया है। पार्टी के नए या पुराने सदस्यों को 10 अगस्त से पहले जिला पार्टी कार्यालयों या क्षेत्रीय कार्यालय में शुल्क के साथ अपने दस्तावेज जमा कराने होंगे। वहीं, हरियाणा और झारखंड में भी इसी तरह का अभियान चलाया जा रहा है। इसका मकसद अच्छे उम्मीदवारों की तलाश करना है।

### महाराष्ट्र की 288 सीटों के लिए मांगे गए हैं फार्म

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि राज्य की सभी 288 विधानसभा सीटों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। उन्होंने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि पूरे महाराष्ट्र में फैले लाखों पार्टी कार्यकर्ताओं में से असाधारण नेतृत्व क्षमता वाले उम्मीदवारों को सामने लाने और उन्हें उचित महत्व देने के लिए यह फैसला लिया गया है।

अगर संभव हुआ तो ऐसे कार्यकर्ताओं को सपोर्ट करके चुनावी मैदान में भी उतराने का प्रयास है।

# शिवसेना नेता की BMW ने स्कूटी को मारी टक्कर, महिला की मौत

- हिरासत में शिवसेना नेता





**मुंबई.** मुंबई के वर्ली इलाके में एट्रिया मॉल के पास रविवार सुबह-सुबह हिट एंड रन का एक मामला सामने आया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई. वर्ली के कोलीवाड़ा में रहने वाले मछुआरा पति-पत्नी प्रदीप नखवा और कावेरी नखवा मछली लेने के लिए ससून डॉक गए थे. मछली से लदी अपनी स्कूटी के साथ वापस लौटते समय उन्हें एक बीएमडब्ल्यू कार ने पीछे से टक्कर मार दी. इस एक्सीडेंट में घायल कावेरी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनके पति प्रदीप को गंभीर चोटें आई हैं और अस्पताल में भर्ती हैं.

वर्ली पुलिस के मुताबिक जिस बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटी सवार पति-पत्नी को पीछे से टक्कर मारी, उसे मिहिर शाह नाम का युवक चला रहा था. उसके पिता राजेश शाह पालघर जिले में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पदाधिकारी हैं. मिहिर के बगल वाली सीट पर एक और शख्स बैठा था, जो संभवतः उसका ड्राइवर था. हादसे के बाद मिहिर मौके से फरार हो गया. पुलिस ने राजेश शाह को हिरासत में ले लिया है. बीएमडब्ल्यू कार उनके ही नाम पर रजिस्टर्ड है, जिसने स्कूटी को टक्कर मारी.

एक्सीडेंट साइट से जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें दुर्घटना में शामिल सफेद रंग की बीएमडब्ल्यू कार के फ्रंट साइट पर डेंट के निशान देखे जा सकते हैं, जबकि स्कूटी पीछे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई दिख रही है. वर्ली पुलिस के मुताबिक शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर तेज गति से कार चला रहा था और स्कूटर पर सवार मछुआरा दंपती को पीछे से टक्कर मार दी. पति तो गाड़ी से तुरंत कूद गया, लेकिन कावेरी नहीं कूद सकी और कार के बोनट पर जा गिरी. पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी ने एक्सीडेंट के बाद कार नहीं रोकी और कावेरी बोनट पर करीब 100 मीटर तक लटकी रही फिर सड़क पर गिर गई.

प्रदीप और कावेरी दोनों को गंभीर चोटें आईं. उन्हें नजदीक स्थित नायर अस्पताल ले जाया गया, जहां महिला को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. वहीं, उसके पति प्रदीप का इलाज चल रहा है. घटना में शामिल बीएमडब्ल्यू को पुलिस ने जब्त कर लिया है. हालांकि, कार की नंबर प्लेट हटी हुई थी.

### किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा : मुख्यमंत्री



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुंबई में जो हिट एंड रन का मामला आया है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है. मैंने पुलिस से बातचीत की है, कोई भी हो एक नजर से देखा जाएगा, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने कहा कि कानूनी कार्रवाई सख्ती से की जाएगी. कानून के सामने सब बराबर हैं.

# 'अपने वोटर्स को लगा 400 आएंगे ही... वे छुट्टी पर चले गए'

## महाराष्ट्र में NDA की हार पर बोले CM एकनाथ शिंदे

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हाल के लोकसभा चुनावों में राज्य में एनडीए को मिले झटके के लिए वफादार मतदाताओं के छुट्टी पर चले जाने को जिम्मेदार ठहराया है. उन्होंने कहा कि हमारे मतदाताओं को लगा कि हम आराम से 400 से अधिक सीटें जाएंगे, इसलिए वे छुट्टियां मनाने चले गए. उन्होंने स्वीकार किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मतदाताओं की इस आत्ममुग्धता को विपक्ष ने पकड़ लिया था, और वे अपने मतदाताओं को एकजुट करने में सफल रहे.

महायुति सहयोगियों (भाजपा, शिवसेना, एनसीपी) की एक संयुक्त रैली में बोलते हुए, भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दावों का समर्थन करते हुए कहा कि एनडीए नेताओं ने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान विपक्ष द्वारा



फैलाए गए झूठ पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया और उसे काउंटर करने का प्रयास नहीं किया. रैली में डिप्टी सीएम अजित पवार के नेतृत्व में शिवसेना, बीजेपी, एनसीपी और अन्य छोटे घटक दलों के नेताओं ने भाग लिया. महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटें हैं. भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए लोकसभा चुनावों में केवल 17 सीटें जीत सका, जबकि कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) वाले एमवीए को 30 सीटें मिलीं. सांगली निर्वाचन क्षेत्र से जीतने वाला निर्दलीय उम्मीदवार विशाल प्रकाशबापू पाटिल कांग्रेस नेता हैं.

उन्होंने कहा, 'हमारे कुछ मतदाता यह मानकर मतदान के दौरान छुट्टियों पर चले गए कि एनडीए आम चुनाव में आसानी से 400 से अधिक सीटें जीत लेगा. यह हार हमें बताती है कि भविष्य में अधिक रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता होगी'.

# विधायक के हाथों नागरिक बैंक के एटीएम का उद्घाटन







**भिवंडी.** भिवंडी कल्याण मार्ग स्थित नागरिक सहकारी बैंक शाखा में ग्राहकों की धन निकासी सुविधा हेतु लगाए गए एटीएम मशीन का उद्घाटन भिवंडी पश्चिम भाजपा विधायक महेश चौगुले के हाथों किया गया. उक्त अवसर पर बैंक ब्रांड एंबेसडर लिटिल चैंप्स फेम कुमारी अभय घांग्रेकर,बैंक संचालक मंडल सदस्य श्याम भोईर,मनोज पाटिल,संदीप पवार, मकी सिद्दीक पटेल, परेश चौगुले, आदिब शरफुद्दीन,शाहीन अब्दुल कादिर, मो.इलियास, मो. फैसल अंसारी,व्यंकटेश चिटकेन,नरेंद्र वगल,महबूब अंसारी सहित बैंक अधिकारी, स्टाफ कर्मी एवम क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि, नागरिक सहकारी बैंक भिवंडी शहर के छोटे बड़े कारोबारियों की लाइफ लाइन कही जाती है.

चेयरमैन राजू गाजेंगी,वाइस चेयरमैन कामिल करनाले सहित निदेशक मंडल के अथक प्रयासों से बैंक प्रगति पथ पर है. नागरिक सहकारी बैंक के अमृत महोत्सव वर्ष में भिवंडी कल्याण मार्ग स्थित नागरिक बैंक शाखा में ग्राहकों को आसानी से धन निकासी हेतु एटीएम मशीन लगाई गई जिसका उद्घाटन विधायक महेश चौगुले ने किया.विधायक चौगुले ने निदेशक मंडल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि, विगत कई वर्षों से बैंकिंग कामकाज बेहतर,पारदर्शी होने से बैंक आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है. ग्राहकों को सभी बैंकिंग सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जाना चाहिए.

# मुंबई के प्राइवेट स्कूलों की नहीं बढ़ाई जा रही है फीस - शिक्षा मंत्री केसरकर

**मुंबई.** महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि मुंबई के प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा शुल्क बढ़ाने की बात गलत है। क्योंकि विधार्थियों के पालक की तरफ से ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। महाराष्ट्र शिक्षा अधिनियम 2018 के तहत प्राइवेट स्कूलों को दो साल के बाद फ़ीस में बढ़ोत्तरी करने का प्रावधान है।

विधान परिषद में प्रश्नकाल के माध्यम से भाजपा सदस्य भाई गिरकर ने मुंबई के प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा शुल्क का मुद्दा उठाया था, जिसके जवाब में दीपक केसरकर बोल रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य के बिना अनुदानित प्राइवेट स्कूलों में फ़ीस नियंत्रण के लिए साल 2021 में एक समिति बनाई गई थी, जिसकी रिपोर्ट आने ने बाद



मनमानी ढंग से फीस बढ़ाने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मंत्री केसरकर ने सदन को बताया कि राज्य शिक्षा शुल्क अधिनियम के अनुसार प्राइवेट स्कूल दो साल के एक बार फ़ीस में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं इसके पहले नहीं। इस चर्चा में प्रवीण दरेकर, निरंजन डावखरे सहित कई अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# एसएसटी कॉलेज में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**उल्हासनगर.** एसएसटी कॉलेज,उल्हासनगर की डीएलएलई इकाई ने सर्वानंद अस्पताल के सहयोग से कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के लिए एक मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर से 200 से अधिक लाभार्थियों को लाभ मिला। कंप्यूटरीकृत नेत्र परीक्षण के अलावा चश्मे का नंबर भी जांच दिया गया। इसके साथ ही विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को अपनी आंखों की देखभाल कैसे करें, इसके बारे में भी मार्गदर्शन दिया।









इस शिविर का सफल आयोजन महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में डीएलएलई इकाई के जिला समन्वयक प्रो.दिलीप आहूजा, प्रो.कुमकुम गुरबानी,प्रो.कोमल कामरा ने स्वयंसेवकों की मदत से आयोजित किआ। इस शिविर के लिए सर्वानंद हॉस्पिटल की डॉ. सोनाली धीमन एवं डॉ.निशा भतीजा का विशेष सहयोग मिला। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने इस शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# रोटरी क्लब आफ भिवंडी के प्रेसीडेंट बने राजेश पालीवाला



- डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सहित रोटरी सदस्यों ने किया नई टीम का अभिनंदन

**भिवंडी.** रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (डीजीई) हर्ष मकोला द्वारा सीनियर रोटेरियन राजेश पालीवाला को रोटरी क्लब आफ भिवंडी का प्रेसीडेंट (2024 -25) नियुक्त किया गया.कल्याण नाका स्थित रामदेव वाइट्स वेंकट सभागृह में आयोजित पदग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (डीजीई) एवम रोटरी सदस्यों की गरिमामई मौजूदगी में निवर्तमान प्रेसीडेंट इलियास वालियानी ने नवनियुक्त प्रेसीडेंट राजेश पालीवाला को रोटरी परंपरा के अनुसार रोटरी कालर,चार्डर्ड,कुर्सी का आदान प्रदान कर गौरव किया गया.निवर्तमान सेक्रेट्री जयकुमार थेरानी ने नवनियुक्त सेक्रेट्री सीनियर रोटेरियन महेश आंग्रे को कुर्सी सौंपने की परंपरा का निर्वहन करते हुए अभिनंदन किया. आगामी वर्ष 2024- 25 की नवनियुक्त रोटरी क्लब सदस्यों की टीम के पदग्रहण अभिनंदन समारोह में सीनियर रोटेरियन पुरुषोत्तम दास पटेल, एड लीलाराम सिंधी, प्रदीप राका,रमेश मालानी, दीपक गांधी,पराग मेहता, अभिषेक पटेल सहित तमाम सीनियर रोटेरियन एवम गणमान्य लोग मौजूद थे. नवनियुक्त प्रेसीडेंट राजेश पालीवाला एवम सेक्रेट्री महेश आंग्रे ने सभी अनुभवी रोटरी सदस्यों के सहयोग से सामाजिक, शैक्षणिक, जनहित कार्य अंजाम देकर रोटरी क्लब आफ भिवंडी का नाम शीर्ष ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए सार्थक प्रयास किए जाने का भरोसा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (डीजीई) हर्ष मकोला को दिया है.

# 'एनिमल' के बाद मिलने लगे अच्छे प्रोजेक्ट्स -तृप्ति डिमरी

तृप्ति डिमरी को फिल्म 'एनिमल' से पहचान मिली थी। अब वे अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल और एमी विर्क भी लीड रोल में दिखाई देंगे। ये फिल्म 19 जुलाई को रिलीज होने वाली है। करण जौहर इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। अपनी फिल्म को लेकर तृप्ति ने बातचीत की।



### किस तरह 'बैड न्यूज' की गुड न्यूज मिली ?

दरअसल उन दिनों मैंने धर्मा प्रोडक्शन की टैलेंट एजेंसी को जॉइन ही किया था। एक दिन करण सर ने मिलने के लिए बुलाया। उन्होंने आनंद तिवारी सर से मिलवाया। आनंद सर ने फिल्म की कहानी सुनाई तो मैं पूरे टाइम हंसती ही रही। हालांकि उसके बाद उन्होंने कहा कि नरेशन सुन ये मत समझना कि फिल्म में सेलेक्शन हो ही गया। ऑडिशन के बाद अंतिम निर्णय होगा। उसके अगले ही दिन उन्होंने फिल्म के तीन-चार सीन रिकॉर्ड किए।

### फिल्म में वो सोच भी है कि पैदा करने वाले से बड़ा पालने वाला होता है?

बिल्कुल। फिल्म काफी कुछ कहना चाहती है। जो तीन किरदार हैं, उनके निजी सफर हैं। सरल शब्दों में कहूं तो उन किरदारों के जरिए युवा पीढ़ी की सोच जाहिर की गई है। उस दौर से गुजरने वाले युवा जिंदगी में हर कुछ चाहते हैं। प्यार से लेकर करियर में तरक्की और हर जगह जीत ही जीत मिलती रहे। वैसी सोच पर भी एक टेक लिया गया है।

## आम सूचना

मैं श्रीमती शारदा राजेंद्र चौधरी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, स्टेशन रोड, बुद्ध विहार के पास, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 40सीओ009151900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सीताबाई कचरू पंडित के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 9.7.2013 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती शारदा राजेंद्र चौधरी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती सावित्री बिस्वाजीत देबनाथ सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 9, बैरक नं. 1696, सेक्शन 25, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 48सीआय0104999900) उक्त प्रॉपर्टी श्री रवि नंदलाल भाटिया के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 4.7.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सावित्री बिस्वाजीत देबनाथ**

## आम सूचना

हम श्री रोहित कालीकाप्रसाद गुप्ता व श्री अजय कालीकाप्रसाद गुप्ता सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप , बैरक नं. 1869, वीर तानाजी नगर, सरदार पाड़ा, शिवसेना शाखा के सामने, बिपिन किराणा के सामने, सेक्शन 39, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 51डीओ021463700) उक्त प्रॉपर्टी वटस्लाबाई दगडू खरात के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 3.7.2024 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रोहित कालीकाप्रसाद गुप्ता व श्री अजय कालीकाप्रसाद गुप्ता**

## आम सूचना

मैं श्री प्रमोद पुंजाराम शिंदे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 40-1, राहुल सा मिल के पास, स्टेशन रोड, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 40सीओ009014500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती उमा पुंजाराम शिंदे व श्रीमती अंजली पुंजाराम शिंदे के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 31.3.2023 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री प्रमोद पुंजाराम शिंदे**

## आम सूचना

मैं श्री मंटू बंसू राजभर सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ब्लाक नं. ए-234 ब्राह्मणपाड़ा, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 50डीआय010887600) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजेश मंटू राजभर, श्री लक्ष्मण मंटू राजभर, श्री ईश्वरलाल मंटू राजभर व श्रीमती लक्ष्मी देवी रामासरे के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 3.7.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मंटू बंसू राजभर**

## आम सूचना

मैं श्री गुलाम अहमद जमाल अहमद खान सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, पोर्शन आफ चालता नं. 11, शीट नं. 33, विठ्ठलवाड़ी स्टेशन रोड, एसएनएच स्कूल के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 30सीओ005501300) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती फुलश्री गबदेसिंह ठाकुर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 2.7.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री गुलाम अहमद जमाल अहमद खान**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099